प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

21 दिसंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'अपनी विनियमित संस्थाओं के लिए स्व-विनियामक संगठनों को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजनीय ढांचे का मसौदा' पर टिप्पणियाँ आमंत्रित कीं

दिनांक 6 अक्तूबर 2023 को मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसरण में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर 'विनियमित संस्थाओं के लिए स्व-विनियामक संगठनों को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजनीय ढांचे का मसौदा' रखा है। इस बहुप्रयोजनीय ढांचे के मसौदे में किसी भी स्व-विनियामक संगठन (एसआरओ) पर लागू होने वाले व्यापक मापदंड यथा उद्देश्यों, जिम्मेदारियां, पात्रता मानदंड, सुशासन मानक, आवेदन प्रक्रिया और एसआरओ को मान्यता प्रदान करने के लिए अन्य बुनियादी शर्तें शामिल हैं।

उपरोक्त बहुप्रयोजनीय ढांचे के मसौदे पर हितधारकों और जनता द्वारा टिप्पणियों/ फीडबैक को 25 जनवरी 2024 तक ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। हितधारकों की टिप्पणियों पर विचार करने के बाद अंतिम बहुप्रयोजनीय ढांचा जारी किया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक अंतिम बहुप्रयोजनीय ढांचे की व्यापक रूपरेखा के अंतर्गत, अपने आरई की श्रेणी के लिए एसआरओ के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु अलग से अधिसूचना जारी करेगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1519